स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 20.04.2018

स्वच्छ भारत अभियान | **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में बचे हुए 20 हितग्राहियों को रामनगर मुक्तिधाम शासकीय स्कुल में गैस कनेक्शन चुल्हा एलपीजी गैस शिविर लगाकर वितरित किया गया। चयनित कुल 52 हितग्राही रितूराज गैस एजेंसी सुपेला के माध्यम से चयनित किये गये हैं जिसमें से 20 हितग्राहियों का मोबाईल नम्बर के माध्यम से सम्पर्क किया जा सका शेष 32 हितग्राही का मोबाईल नम्बर गलत होने के कारण प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का गैस कनेक्शन प्रदान नहीं हो पा रहा है। जो हितग्राही रितूराज गैस एजेंसी में नियमानुसार आवेदन जमा किये थे वे वहॉ जाकर सम्पर्क करके अपना गैस कनेक्शन प्राप्त कर सकतें है।

रीना साव, पार्वती बंछोर, लाल बाई देवांगन, रामकुमारी निषाद ने बताया कि उन्हे गैस चुल्हा जलाने नहीं आता इसपर हितग्राहियों के जागरुकता के लिए गैस चुल्हा जलाने की विधि के साथ सुरक्षा के तरीके भी बताये गये। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष रिकेश सेन, वार्ड पार्षद रामानन्द मौर्या, रितूराज गैस एजेंसी के डिस्टीब्यूटर सदानंद भेड़िया, मैनेजर शंकर, एरिया ऑफिसर दिलीप, फुड इंस्पेक्टर, सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

जन सम्पर्क विभाग